Total No. of Printed Pages—7

B21–HN (E)

Subject Code : 24

Question Paper 2022

298254

HINDI (E)

GROUP—A + B

Full Marks : 100
Pass Marks : 30

Time : 3 hours

[For Candidates offering as an Elective Subject]

GROUP—A

Full Marks : 50
Pass Marks : 15

Time : 2 hours

[For Candidates offering in lieu of MIL]

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

aglasem.com

docs.aglasem.com

GROUP—A (खण्ड—क)

(पूर्णांक : 50)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1×4=4

(क) वृत्तासुर का नाश किससे किया गया था?

(ख) बेनीपुरी जी का पूरा नाम क्या है?

(ग) मीराँबाई किसकी अनन्य आराधिका थी?

(घ) ''गुरु कुम्हार सिष कुंभ है।'' यहाँ गुरु को कुम्हार क्यों कहा गया है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : 2×9=18

(क) ''सत्य कठोर होता है।'' यहाँ सत्य को कठोर क्यों कहा गया है?

(ख) ''आप हैं वैरागी; दफ्तरों के रीति-रिवाज नहीं जानते।'' यहाँ किस रीति-रिवाज की चर्चा की गई है?

(ग) नारद के आग्रह के पश्चात् भी भोलाराम क्यों स्वर्ग जाना नहीं चाहता है?

(घ) प्रेम (अथवा भक्ति) रहित व्यक्ति की तुलना किससे और क्यों की गई है?

(ङ) 'कस्तूरी का मिरग' का प्रसंग कवि ने क्यों उठाया है?

(च) भोलाराम की पत्नी ने भोलाराम को किस बीमारी का शिकार बताया है?

(छ) रेलवे विभाग के भ्रष्टाचार के संबंध में चित्रगुप्त ने क्या कहा है?

(ज) मनुष्य को मीराँबाई ने क्या सलाह दी थी?

(झ) चपरासी ने नारद को क्या सलाह दी थी?

3. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या करो : 4×2=8

(क) मैं तो चरण लगी गोपाल।
जब लगी तब कोऊँ न जाने, अब जानी संसार।
किरपा कीजै, दरसन दीजै, सुध लीजै तत्काल।
मीराँ कहै प्रभु गिरधर नागर चरण-कमल बलिहार।।

aglasem.com
docs.aglasem.com

अथवा

म्हाँरे घर आवो सुन्दर श्याम।
तुम आया बिन सुध नहीं मेरो, पीरी परी जैसे पाण।
म्हाँरे आसा और ण स्वामी, एक तिहारो ध्याण।
मीराँ के प्रभु वेग मिलो अब, राषो जी मेरो माण।

(ख) जाति न पूछो साधु की, पूछि लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहने दो म्यान।

अथवा

काल करे सो आज कर, आज करे सो अब।
पल में परलय होएगा, बहुरि करेगो कब॥

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दो : 4
'नींव की ईंट' शीर्षक लेख में निहित प्रतीकार्थ को स्पष्ट करो।

अथवा

'नींव की ईंट' में दिये गये संदेश को रेखांकित करो।

5. (क) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो : 1×2=2
नौ-दो ग्यारह होना ; आँखें दिखाना ; लोहा मानना ; लकीर का फकीर होना।

(ख) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के लिंग-परिवर्तन करो : ½×4=2
बाघ ; नर कौआ ; विदूषी ; धोबिन ; ब्राह्मण ; पण्डित।

(ग) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** की संधि करो : 1×2=2
उल्+लास ; इति+आदि ; जगत्+नाथ ; तथा+इव।

(घ) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के एकवचन रूप बनाओ : ½×4=2
कॉपियाँ ; लताएँ ; बहुएँ ; सड़कें ; चारपाइयाँ ; पैसे।

(ङ) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखो : ½×4=2
पर्वत ; धरती ; रात ; नदी ; पेड़ ; आग।

aglasem.com
docs.aglasem.com

(च) निम्नलिखित उपसर्गों और प्रत्ययों को जोड़कर एक-एक शब्द बनाओ : ½×4=2

प्र ; अधि ; त्व ; आवट।

(छ) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के अनेक शब्दों के स्थान पर एक-एक शब्द लिखो : ½×4=2

जो ईश्वर पर विश्वास रखता है ; जो धोखा देता है ; जो गाय का पालन-पोषण करता है ; जो मंच या सिनेमा में अभिनय करता है ; बेटी के पति ; जो खाना रसोईघर में बनाता है।

(ज) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** वाक्यों को शुद्ध करो : 1×2=2

(i) यहाँ पर कोई नहीं है।

(ii) पापा, आप मत जाइए।

(iii) अच्छा हुआ कि आपका दर्शन हुआ।

(iv) पुलिस जाँच कर रहा है।

GROUP—B (खण्ड—ख)

(पूर्णांक : 50)

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1×5=5

(क) गुटरगूँ-गुटरगूँ की रागिनी कौन-सी चिड़िया अलापती है?

(ख) बड़े मियाँ के पैरों के पास पड़ी हुई मोरनी को अनदेखा करना महादेवी जी के लिए कठिन क्यों था?

(ग) "परन्तु उसकी गति में भी एक छंद रहता था।" यहाँ किसकी गति के छंद की बात उठाई गई है?

(घ) 'जो बीत गयी' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं?

(ङ) 'जो बीत गयी' कविता में कवि ने किसकी ओर ध्यान देने की बात कही है?

[*Contd.*

aglasem.com
docs.aglasem.com

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : 2×8=16

(क) नीलकंठ के स्वभाव की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख करो।

(ख) "वास्तव में नीलकंठ मर गया था।" यहाँ लेखिका ने 'वास्तव में' शब्द को क्यों रखा है?

(ग) अपने प्रिय तारों के टूटने से अम्बर क्यों शोक नहीं मनाता है?

(घ) सच्चे मधु से जलनेवाला न रोता है और न चिल्लाता है। क्यों?

(ङ) मदिरालय हमें क्या शिक्षा देता है?

(च) "वह कच्चा पीनेवाला है।" कवि यहाँ क्या कहना चाहते हैं?

(छ) "मदिरालय का आँगन देखो।" वहाँ क्या देखने को मिलता है?

(ज) "जो बीत गयी" कविता में मानव-जीवन की तुलना किन वस्तुओं से की गई है?

8. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दो : 5

महादेवी जी के पालतू जीव-जन्तुओं का परिचय दो।

अथवा

"मयूर कलाप्रिय वीर पक्षी है, हिंसक मात्र नहीं।" इसको पाठ के आधार पर स्पष्ट करो।

9. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर निबंध लिखो : 8

(क) कंप्यूटर की उपयोगिता

(ख) पर्यटन

(ग) असम का कोई एक त्योहार

(घ) अपना हाथ जगन्नाथ

aglasem.com
docs.aglasem.com

10. अपनी माता जी की अस्वस्थता हेतु एक दिन की छुट्टी की प्रार्थना करते हुए स्कूल के प्रधानाध्यापक/की प्रधानाध्यापिका को एक पत्र लिखो। 5

अथवा

अपने मित्र अथवा सहेली से आनेवाली परीक्षा की तैयारी की जानकारी लेते हुए एक पत्र लिखो।

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो :

महानगरीय जीवन चकाचौंध से भरपूर और सुख-सुविधाओं से सम्पन्न दिखाई देता है; लेकिन इसका आन्तरिक रूप एकदम खोखला है। महानगरों में निरंतर बढ़ती जनसंख्या के दबाव में आवास की समस्या भयावह रूप में विद्यमान है। इसने महानगरों के हरे-भरे क्षेत्रों, खेत-खलिहानों, बाग-बगीचों को उजाड़कर माचिस की डिब्बीनुमा घरों के रूप में परिवर्तित कर दिया। फलतः ताजी हवा, रोशनी आदि का अभाव तो हो गया है, साथ ही लोगों को बूँद-बूँद पेय-जल के लिए परेशान भटकते देखा जा सकता है। आवास की समस्या ने महानगरों को झोपड़पट्टियों के शहरों में बदल दिया है।

प्रश्नावली :

(क) उपर्युक्त गद्यांश का एक सार्थक शीर्षक दो। 1

(ख) महानगरीय जीवन का भीतरी रूप कैसा है? 1

(ग) महानगरीय जीवन की मूल समस्याओं को रेखांकित करो। 2

(घ) आज का महानगर झोपड़पट्टियों का शहर क्यों बना है? 1

(ङ) महानगरीय जीवन बाहर से कैसा लगता है? 1

12. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद हिन्दी में करो : 1×5=5

(a) I can do hard work.

(b) Latif and Safia went to enjoy a Hindi cinema.

docs.aglasem.com
aglasem.com

(c) Do you know where Laxmi lives?

(d) He asked me, "Do you have a ten Rupee coin?"

(e) Failure is the pillar of success.

***

aglasem.com

docs.aglasem.com

aglasem.com